उन्होंने बताया की भारत में भारतीय ज्ञान परंपरा पर नयी शिक्षा नीति में महत्व दिया जा रहा है जबकि दुनिया की महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थानों में भारतीय ज्ञान परंपरा पर लगातार अध्ययन किया जा रहा है। शिक्षक के उत्तर दायित्व की बात करते हुए भारतीय शास्त्रीय संगीत और पाश्चात्य संगीत की तुलना करते हुए कहा कि जहाँ एक ओर पाश्चात्य संगीत हमारे मस्तिष्क को उत्तेजित करता है वहीं दूसरी ओर भारतीय शास्त्रीय संगीत हमारे मस्तिष्क को शांत करता है और उर्जा प्रदान करता है।

डॉ बलवंत जानी ने शिक्षक के उत्तर दायित्व की बात करते हुए यह बताया कि एक शिक्षक किस प्रकार अपने विद्यार्थी को विनम्रता, सहनशीलता, नियमितता, और उनकी उग्र वृत्तियों का शमन करता है।भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षक अपने छात्रों को एक साथ शास्त्र और शस्त्र अर्थात शास्त्र का अनुप्रयोग दोनों की विद्या एक साथ देते थी जबकि आधुनिक शिक्षा पद्धति हमें सिर्फ शास्त्र का ज्ञान देती है शस्त्र का नहीं।

इसी ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान में देश के विभिन शहरों से लगभग 65 शिक्षा से जुड़े लोगों ने सहभाग लिया। इस व्याख्यान का संचालन और आभार हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री रामलखन पाल ने दिया।


Sagar Jani
Dr. Santosh Kaul Kak
Kajal Singh
kranti vats
20 others
13:39 | wbs-oaqs-jpe


meet.google.com/wbs-oaqs-jpe
Sagar Jani
Dr. Santosh Kaul Kak
kranti vats
Savita Shinde
Hemlata Masiwal
Kajal Singh
Priyanka 0264
Nirma Raj Purohit
Rupam. Singh
Sunita Mishra
Nripjeet Singh Sachan
Anjali Singh
Reena Prajapati


Kashyap Ganatra (Presenting)
बी. एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज
राष्ट्रीय व्याख्यान-माला: श्रृंखला 03
भारतीय ज्ञान परंपरा
भारतीय ज्ञान परंपरा
राष्ट्रीय व्याख्यान-माला: 02
विषय: भारतीय ज्ञान परंपरा और शिक्षक का उत्तरदायित्व
डॉ. बलवंत जानी
कुलाधिपति (Chancellor),
जनार्दन राय नगर विश्वविद्यालय, उदयपुर(राजस्थान)
21 October, 2023
11:30AM
निवेदक
Sagar Jani

**'भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति:2020'** विषय पर ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान संपन्न**…**

17 नवंबर 2023 (मुंबई); 'भारतीय ज्ञान परंपरा व्याख्यानमाला श्रृंखला:3' के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के गौरवशाली अतीत का सिंहावलोकन करने व उसकी महत्ता को प्रस्थापित करने हेतु मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित बी. एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज (महर्षि कर्वे उत्कृष्ट महाविद्यालय पुरस्कार-2022-23) के हिंदी विभाग द्वारा IQAC के संयोजन में 17 नवंबर 2023 को प्रोफेसर उज्ज्वला चक्रदेव (कुलपति, श्रीमती नाथीबाई दामोदर ठाकरसी महिला विश्वविद्यालय, मुंबई) का ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान 'भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति: 2020 ' विषय पर संपन्न हुआ।

व्याख्यान की प्रास्ताविकी पर अपनी बात रखते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कौल काक ने कहा कि शिक्षा ही वह बुनियाद है, जिससे व्यक्ति, समाज और देश की तरक्की सुनिश्चित होती है क्योंकि वही एक ऐसा प्रभावशाली साधन हैक जो देश के बच्चों से लेकर युवाओं तक के भविष्य का निर्माण करता है। वैश्विक परिवर्तन के इस दौर में भारत सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 हमारे सामने प्रस्तुत की है। भारत के शिक्षाविदों, विद्वानों का मानना है कि भारत, संस्कृति और संस्कृत, ये तीनों शब्द मात्र शब्द नहीं, अपितु प्रत्येक भारतीय के भाव हैं। अतः इस नीति द्वारा आधुनिक शिक्षा पद्धति में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश कर राष्ट्र के विकास की दिशा में एक सार्थक पहल करने का प्रयास किया गया है। जिससे हम 'भारत' को जानें, समझें और उसे अपनी आत्मा का अभिन्न अंग बना लें।

कुलगुरु, प्रोफेसर उज्ज्वला चक्रदेव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति:2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को समझाते हुए यह कहा कि हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा में व्यक्ति के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया था, अपनी परंपराओं के प्रति जागरूकता एक सकारात्मक आत्म छवि के निर्माण के साथ-साथ, उनमें नैतिक मूल्यों के विकास पर बल दिया गया था।

नयी शिक्षा नीति भारत की ऐसी प्राचीन ज्ञान-परंपराओं तथा चिर-अर्जित वैज्ञानिक एवं बौद्धिक संपदाओं की अकूत निधि को पुनर्स्थापित करने का प्रयास करेगी | इसमें आधुनिक ज्ञान-विज्ञान तथा तकनीक के माध्यम से उन उपलब्धियों के अपूर्व समन्वय की संकल्पना की गई है ।

इस ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान में देश के विभिन शहरों से 103 शिक्षा से जुड़े लोगों ने सहभाग लिया। इस व्याख्यान का संचालन और आभार हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री रामलखन पाल ने दिया।





Dr. Ujwala Chakradeo, Vice Chancellor SNDTWU


B. M. Ruia Mahila Mahavidyalaya, Mumbai


मारवाड़ी सम्मेलन संचालित
बी. एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज
नैक प्रत्यायित बी+ (तृतीय चक्र)
महर्षि कर्वे उत्कृष्ट महाविद्यालय पुरस्कार 2022-23
एस. एन. डी. टी. महिला विश्वविद्यालय, मुंबई से संलग्न
11, कृष्ण कुंज बाबा गाँधी रोड, गामदेवी, ग्रांट रोड (पश्चिम), मुंबई - 400007.
Tel : 022 23808130, Email : bmruia@yahoo.com, WEb : bmrgirlscollege.com
राष्ट्रीय व्याख्यान-माला: श्रृंखला 03
भारतीय ज्ञान परंपरा
बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के संयोजन में भारतीय ज्ञान परंपरा के गौरवशाली अतीत का सिंहावलोकन कर उसकी महत्ता को प्रस्थापित करने हेतु आयोजित राष्ट्रीय व्याख्यान-माला (ऑनलाइन मोड) में आप सादर आमंत्रित हैं।
भारतीय ज्ञान परंपरा
राष्ट्रीय व्याख्यान-माला: 03
विषय: भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति:2020
डॉ.उज्ज्वला चक्रदेव
कुलगुरु,
श्रीमती नाथीबाई दामोदर ठाकरसी महिला विश्वविद्यालय,
मुंबई, महाराष्ट्र
17 November, 2023
11:30AM
नीचे दिए गए लिंक से कार्यक्रम में जुड़ें
https://meet.google.com/wbsoaqs-jpe
Registration link



**'भारतीय ज्ञान परंपरा: भक्ति साहित्य और तुलसीदास का श्रीरामचरितमानस' पर महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी एवं बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज की संयुक्त पहल....**

मुंबई (दिनांक 19 दिसंबर) महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी एवं मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में १९ दिसंबर २०२३ को 'भारतीय ज्ञान परंपरा, भक्ति साहित्य और तुलसीदास का श्रीरामचरितमानस' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

उद्घाटन सत्र में संगोष्ठी एवं मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष एडवोकेट श्री सुशील व्यास ने मारवाड़ी सम्मेलन के निस्वार्थ सेवाभाव का वर्णन करते हुए कहा कि भाषा आत्मविश्वास बढ़ाने का साधन होना चाहिए। आज जो लोग अपने मार्ग से भटक गए हैं, वे जब श्री रामचरितमानस में वर्णित मूल्यों को अमल में लाएंगे तभी समाज को उचित दिशा मिलेगी।

महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष डॉ. शीतलाप्रसाद दुबे ने बीज वक्तव्य देते हुए कहा कि आज की समस्याएं, नैतिक मूल्यों में गिरावट, बढ़ते भ्रष्टाचार एवं अपराधीकरण को देखते हुए श्रीरामचरितमानस के आदर्शों को समझना अधिक आवश्यक हो गया है। यह केवल भक्ति मार्ग के साधकों का भाव ही पुष्ट नहीं करता वरन् आध्यात्मिक, सामाजिक, व्यवसायिक तथा व्यवहारिक जीवन जीने की सही दिशा के विषय में भी हमारा मार्गदर्शन करता है। उसमें जीवनमूल्यों की प्रतिष्ठा के साथ जीवन के विविध संदर्भों को सहजता से उद्घाटित किया गया है। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा प्रशस्त मार्ग द्वारा भारतीय परंपरा के अनुरूप ज्ञान, गुरुता, भातृत्व त्याग,समर्पण , स्वार्थ त्याग कर जीवन को भारतीय मूल्यों पर आधारित जीवन की तरफ बढ़ाने की आज प्रबल जरूरत है।

बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कौल काक ने सभी का स्वागत कर प्रास्ताविकी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में आधुनिक शिक्षा पद्धति में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश कर राष्ट्र के विकास की दिशा में एक सार्थक पहल करने का प्रयास किया गया है। भक्ति काल के कवियों विशेषकर गोस्वामी तुलसीदास ने भक्ति के साथ-साथ सदाचरण, नैतिकता, उचित जीवन मूल्यों की चर्चा द्वारा समाज का उन्नयन करने का भरसक प्रयास किया, रामचरितमानस के द्वारा जिन आदर्शों को उन्होंने हमारे समक्ष रखा है, वह हर मनुष्य एवं समाज के लिए वरेण्य हैं।

प्रथम सत्र में अध्यक्ष के रूप में काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं आचार्य डॉ. सदानंद साही ने भक्तिकाल के रचनाकारों द्वारा भारतीय परंपराओं, ज्ञान एवं संस्कृति की पुनर्प्रतिष्ठा के प्रयासों

की विशद व्याख्या की। सत्र के प्रमुख अतिथि (सोमैया विद्याविहार यूनिवर्सिटी के पूर्व अधिष्ठाता, भाषा एवं साहित्य संकाय) डॉ. सतीश पांडेय ने श्रीरामचरितमानस में अनुस्यूत मूल्यों एवं आदर्शों की विस्तृत विवेचना की।

द्वितीय सत्र के अध्यक्ष के रूप में सुविख्यात कवि एवं समीक्षक डॉ. सुधाकर मिश्र ने कहा कि श्रीरामचरितमानस विश्वज्ञानकोश का अद्वितीय अनुपम ग्रंथ है, जिसमें भारतीय नारी की प्रतीक माता सीता को तीन तीन बार आशीष प्राप्त हुआ है। गोस्वामी तुलसीदास की काव्यकुशलता ने इसे विशेष ऊंचाई प्रदान की है। मुख्य अतिथि के रूप में गार्गी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ. श्रीनिवास त्यागी ने रामचरितमानस की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि इसमें तुलसीदास ने समाज, संस्कृति, धर्म, अध्यात्म, साहित्य, ज्ञान-विज्ञान और पौराणिक दर्शन को भी बहुत ही सरस, सरल और विज्ञानमय भाषा के माध्यम से समझाने का सफल प्रयास किया है।

समापन समारोह में अध्यक्ष के रूप में डॉ शीतलाप्रसद दुबे (कार्याध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी) ने पुनः समारोह की सफलता के बिंदुओं को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि के रूप में एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय की प्र कुलगुरु डॉ.रूबी ओझा ने संगोष्ठी के सफल आयोजन पर महाविद्यालय को बधाई देते हुए लगातार ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने का पुनीत कार्य करने हेतु महाविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि साहित्यकार समाज के पारखी होते हैं व अपने साहित्य के माध्यम से समाज में समरसता स्थापित करने एवं वैमनस्य खत्म करने का प्रयास करते हैं। सम्माननीय अतिथि एवं महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्रीमती मंजू लोढ़ा ने अपनी रचनाओं के काव्य पाठ द्वारा कार्यक्रम को ऊर्जा से भर दिया।

विभिन्न सत्रों में विषय विशेषज्ञ के रूप में के प्रोफेसर डॉ. श्यामसुंदर पांडेय (बिड़ला स्वायत्तशासी महाविद्यालय), डॉ. उर्मिला सिंह (के.ई.एस श्रॉफ कॉलेज, हिंदी विभागाध्यक्ष), डॉ. सत्यवती चौबे ( विल्सन स्वायत्त महाविद्यालय, हिंदी विभागाध्यक्ष) एवं डॉ. भगवती प्रसाद उपाध्याय ( सेंट जेवियर्स कॉलेज,असिस्टेंट प्रोफेसर, हिंदी विभाग) उपस्थित थे। संगोष्ठी के सत्रों का संचालन डॉ. सुनीता मिश्रा, सहायक प्राध्यापक, श्री रामलखन पाल, डॉ. चंपा मासीवाल (स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, एम. डी. शाह महिला कॉलेज), अभिमत प्रस्तुति श्रीमती मंजू यादव ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नूरूज़िया काज़ी ने किया। अंत में सुप्रसिद्ध गायक व संगीत निर्देशक अहमद फ़राज़ खान जी ने अपनी सुमधुर आवाज में भजन प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुक्त कर दिया। इस संगोष्ठी में मुंबई व अन्य राज्यों से लगभग १५० प्रतिभागियों ने सहभागिता की ।

Marwadi Sammelan's
B. M. RUIA GIRLS COLLEGE
"नारी शिक्षा के लिए
समर्पित संस्था"
Vision

Marwadi Sammelan's
B. M. RUIA GIRLS COLLEGE
"नारी शिक्षा के लिए
समर्पित संस्था"

**'भारतीय ज्ञान परंपरा और आत्मनिर्भरता' विषय पर ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान संपन्न...**

23 जनवरी 2024 (मुंबई); 'भारतीय ज्ञान परंपरा व्याख्यानमाला श्रृंखला:3' के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के गौरवशाली अतीत का सिंहावलोकन करने व उसकी महत्ता को प्रस्थापित करने हेतु मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित बी. एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज (महर्षि कर्वे उत्कृष्ट महाविद्यालय पुरस्कार-2022-23) के हिंदी विभाग द्वारा IQAC के संयोजन में 23 जनवरी 2024 को श्री भुजंग रामराव बोबडे सर, निदेशक, ज्ञान संसाधन केंद्र, रिसर्च फॉर रिसर्जेंस फाउंडेशन(भारतीय शिक्षण मंडल) नागपुर, महाराष्ट्र का ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान 'भारतीय ज्ञान परंपरा और आत्मनिर्भरता' विषय पर संपन्न हुआ।

श्री भुजंग रामराव बोबड़े जी ने अपने वक्तव्य की शुरुआत 'सा विद्या या विमुक्तये' श्लोक से करते हुए कर्म और विद्या के महत्व और प्रासंगिकता से परिचय कराया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा पर बात करते हुए भारत की नयी परिभाषा बताते हुए कहा कि भा+रत अर्थात ज्ञान अर्थात प्रकाश में रत रहना के द्वारा यह बताया कि हमारी परंपरा व्यष्टि की बात न करके समष्टि की बात करता है। यह परंपरा हमें यह सिखाती है कि हमें अपना पेट भरने तक सीमित न होकर अपने आसपास के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने पर बल देती है।आत्मनिर्भरता की बात करते हुए श्री भुजंग बोबड़े जी ने मातृभाषा की महत्ता की बात की, साथ ही उन्होंने पढ़ाई के दौरान सीखने की प्रक्रिया पर बात करते हुए शाश्वत विकास पर बल दिया। उन्होंने व्यक्ति के जीवन की भूलभूत अनिवार्यता की बात करते हुए स्वच्छ हवा, स्वच्छ पानी और स्वस्थ अनाज के द्वारा आत्मनिर्भरता की मूलभूत आवश्यकता पर बड़ी सरलता से बात रखी। इस ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान में देश के विभिन शहरों से 54 शिक्षा से जुड़े लोगों ने सहभाग लिया। व्याख्यान का संचालन और आभार हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री रामलखन पाल ने दिया।

बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज में 'श्री राम प्रसाद पोद्दार अंतर्महाविद्यालय भजन प्रतियोगिता' संपन्न..

09 फरवरी 2024 (मुंबई), मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित, एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय, मुंबई से संलग्न 'महर्षि कर्वे सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय: वर्ष 2022-23' सम्मान से सम्मानित, बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के हिंदी विभाग एव सांस्कृतिक समिति द्वारा 'श्री रामप्रसाद पोद्दार अंतर्महाविद्यालय भजन प्रतियोगिता का आयोजन 09 फरवरी 2024' को किया गया। इस प्रतियोगिता में एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय एवं मुंबई विश्वविद्यालय के लगभग 15 महाविद्यालयों के 24 विद्यार्थी प्रतियोगियों ने सहभाग लिया।

इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के मानद महामंत्री श्री सुरेश देवड़ा जी, सम्माननीय अतिथि एवं निर्णायिका सौ. शुचिता शिरीष आठलेकर तथा निर्णायक के रूप मे दिपाली ठेकेदत्त एवं श्री फराज खान उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगियों ने सुमधुर भजन प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की सम्माननीय अतिथि एवं निर्णायिका सौ. शुचिता शिरीष आठलेकर , दिपाली ठेकेदत्त एवं निर्णायक श्री फराज खान ने सुमधुर आवाज में भजन प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को संगीत के सुर-ताल की जानकारी दी तथा उनका मार्गदर्शन किया ।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संतोष कौल काक ने इस प्रतियोगिता को आरंभ करने हेतु मारवाड़ी सम्मेलन, मुंबई के पुरोधाओं की दूरदर्शिता की सराहना की और कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से हम अपनी युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने, जीवन की आपा-धापी की उलझनों के बीच ज़हनी सुकून पाने, अपने भीतर के देवत्व को पहचानने और शांति पूर्ण जीवन जीने का रास्ता सुझाने का प्रयत्न करते हैं।"

कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका श्रीमती सपना भांबरी (अर्थशास्त्र) एवं प्राध्यापिका श्रीमती मंजू यादव (हिंदी) द्वारा किया गया। नियमों की जानकारी प्राध्यापिका श्रीमती पूनम सिंह (हिंदी) अतिथियों एवं निर्णायकों का परिचय एवं धन्यवाद ज्ञापन सहयोगी प्राध्यापिका श्रीमती श्रुति रानडे (मनोविज्ञान) ने किया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार: भक्तकोलाहलन श्रीनिवासन (विवेकानंद कालेज), द्वितीय पुरस्कार: प्राप्ति दहिवालिकर विवेक (के. इ. एस. श्राफ कालेज), तृतीय पुरस्कार: विभव सवदी (पाटकर कालेज), प्रथम प्रोत्साहन पुरस्कार: अजय खर्ब (सेंट जेवियर्स कालेज), द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार: दुर्वा जगदाले ( एस.एन.डी.टी.कॉलेज) एवं इस वर्ष शील्ड प्राप्त करने का गौरव के. इ. एस.श्राफ कॉलेज को प्राप्त हुआ।

Marwadi Sammelan's
B.M. RUIA GIRLS' COLLEGE

B.M. RUIA GIRLS' COLLEGE

**बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज में अन्तर्महाविद्यालय स्वरचित काव्य-पाठ प्रतियोगिता संपन्न...**

10 फरवरी 2024 (मुंबई) मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित, एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय, मुंबई से संलग्न 'महर्षि कर्वे सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय: वर्ष 2022-23' सम्मान से सम्मानित, बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा 'अन्तर्महाविद्यालय स्वरचित काव्य-पाठ प्रतियोगिता' का आयेजन 10 फरवरी 2024 को किया गया। इस प्रतियोगिता में एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय एवं मुंबई विश्वविद्यालय के लगभग 15 महाविद्यालयों के 25 विद्यार्थी प्रतियोगियों ने सहभाग लिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मारवाड़ी सम्मेलन, मुंबई के अध्यक्ष एडवोकेट श्री सुशील व्यास जी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध कवि और लेखक श्री विजय कुमार गुप्ता जी, सम्माननीय अतिथि के रूप में मारवाड़ी सम्मेलन, मुंबई के मानद महामंत्री श्री सुरेश देवड़ा जी उपस्थित थे। निर्णायक के रूप में संस्कार पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती साधना कांबले जी एवं एल.जे.एन.जे. महाविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. कैलाश चौहान जी उपस्थित थे।

मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष एडवोकेट श्री सुशील व्यास जी ने अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रतियोगियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि,"हमारे विद्यार्थियों को समय, काल के अनुसार अपनी कविता द्वारा एक ठोस संदेश समाज को देते हुए अपनी रचना करनी चाहिए जिससे कविताओं में समाजबोध बना रहे और उनकी सार्थकता भी बनी रहे।"

मुख्य अतिथि श्री विजय कुमार गुप्ता जी ने महाविद्यालय के इस सफल आयोजन की सराहना की। उन्होंने उपस्थित प्रतियोगिओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कविता में निहित संवेदना और भाव और उसकी वैचारिकी महत्वपूर्ण है। कविता खुद का खुद में लौटना है। स्वयं से मिलना है। यह मन की वह अभिव्यक्ति है जो जीवन के हर मुकाम, हर पड़ाव पर, हर सुख- दुख में अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने नवोदित कवियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिंदगी में संभावनाओं का अंत नहीं होता। अंत में उन्होंने अपनी कविताएँ प्रस्तुत कर सभी श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संतोष कौल काक जी ने कहा कि कवि कविता की रचना मात्र स्वान्त: सुखाय नहीं करता, वह समाज और सृष्टि के जड़-चेतन, कण-कण में व्याप्त छोटी से छोटी इकाई से लेकर बड़ी से बड़ी इकाई के सुख-दुख, घृणा, आवेश, प्रेम सभी प्रकार की भावनाओं को समेट कर अपनी वाणी देता है। प्रतियोगियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि आप भी समाज सृष्टि के कण-कण को जानें, समझें तथा उसे अपनी कविता में उतारें क्योंकि कविता जिंदा है तो हृदय का स्पंदन जिंदा रहेगा, हृदय का स्पंदन जिंदा रहेगा तो हम जिंदा रहेंगे। निर्णायक की भूमिका निभाते हुए श्रीमती साधना कांबले जी ने प्रतियोगियों को बताया कि प्रयास करते रहने, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बनाये रखने से ही जीवन में सफलता अवश्य मिलती है। एवं श्री कैलाश चौहान जी ने अपने अनुभवों द्वारा प्रतियोगियों को निरंतर अच्छे कवियों, अच्छी रचनाओं को पढ़ने के विषय में मार्गदर्शन किया।

अतिथियों एवं निर्णायकों का परिचय सहयोगी प्राध्यापिका श्रीमती श्रुति रानडे (मनोविज्ञान) ने दिया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका श्रीमती सपना भांबरी (वाणिज्य) एवं प्राध्यापिका श्रीमती मंजू यादव (हिंदी) द्वारा किया गया। नियमों की जानकारी प्राध्यापक श्री रामलखन पाल( हिंदी विभाग) ने एवं धन्यवाद सहयोगी प्राध्यापिका डॉ. सुनीता मिश्रा (हिंदी विभाग) ने दिया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार: नरगिस शेख (बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज), द्वितीय पुरस्कार: मकदूम नाहिद शाह (के.ई.एस. श्राफ कॉलेज), तृतीय पुरस्कार: शाह जोहरा बानो (के.ई.एस.श्राफ कॉलेज), प्रथम प्रोत्साहन पुरस्कार: प्रवीण विसराम (विवेकानंद एजुकेशन सोसायटी कॉलेज), द्वितीय प्रोत्साहन पुरस्कार: सायमा चौधरी (के.सी. कॉलेज) एवं शील्ड प्राप्त करने का गौरव के. ई. एस. श्राफ कॉलेज, कांदिवली को प्राप्त हुआ।

Marwadi Sammelan's

Marwadi Sammelan's
B.M. RUIA GIRLS' COLLEGE

**'भारतीय ज्ञान परंपरा और विज्ञान' विषय पर ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान संपन्न...**

22 फरवरी 2024 (मुंबई); 'भारतीय ज्ञान परंपरा व्याख्यानमाला श्रृंखला:3' के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के गौरवशाली अतीत का सिंहावलोकन करने व उसकी महत्ता को प्रस्थापित करने हेतु मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित, महर्षि कर्वे उत्कृष्ट महाविद्यालय पुरस्कार (2022 - 2024) से पुरस्कृत SNDT महिला विश्वविद्यालय से संलग्न, बी. एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा IQAC के संयोजन में 22 फरवरी 2024 को प्रसिद्ध खगोल विज्ञानी डॉ. जे.जे. रावल जी, अध्यक्ष इंडियन प्लेनेटरी सोसाइटी का ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान 'भारतीय ज्ञान परंपरा और विज्ञान' विषय पर संपन्न हुआ।

डॉ. जे.जे. रावल ने अपने वक्तव्य की शुरुआत करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा विज्ञान केंद्रित रही है। वेदों से लेकर मध्यकाल तक यह विज्ञान सम्मत और अक्षुण्ण रही है। भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान का उद्भव हमें ईसा से 3000 वर्ष पूर्व मिलता है। हड़प्पा और मोहनजोदड़ो की खुदाई से प्राप्त अवशेषों और वहाँ के निवासियों के उपकरणों से यह पुष्ट होता है कि भारतीय ज्ञान परंपरा विज्ञान की दृष्टि से बहुत ही समृद्ध रही है। चाहे हम खगोल विज्ञान, गणित, चिकित्सा, भौतिकी, रसायन, धातु विज्ञान, ज्योतिष की बात करें हम पाश्चात्य देशों से लगभग 1000 वर्ष विज्ञान और वैज्ञानिक सोच में आगे थे। सौर्यमंडल की वैज्ञानिकता को भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में बात करते हुए उन्होंने कहा कि आज से 5000 वर्ष पूर्व सूर्य को लेकर हमारे ऋषि-मुनियों ने जो भविष्य वाणी की थी, उसी पर आज हम रिसर्च कर रहे हैं।

महर्षि विश्वामित्र की कथा के क्रम में उन्होंने यह बताया कि विश्वामित्र ने त्रिसंकु को अंतरिक्ष स्थापित किया था। आज का विज्ञान भी अंतरिक्ष में अपने स्टेशन स्थापित करने और सेटेलाइट को भेजने की कोशिश भी वही अनुकरण है।

उन्होंने अपने व्याख्यान में यह भी बताया सूर्य को लेकर हमारे ऋषि-मुनियों ने जो भविष्य वाणी की थी आज के खोज और अनुसंधान को देखे तो हम उसी दिशा में बढ़ते नजर आयेंगे। आज हम आदित्य मिशन के द्वारा L1 और L2 का अध्ययन भी उनकी विचारों पर ही मुहर लगा रहा है।

डॉ. रावल सर ने यह बताया कि ब्रह्माण्ड को समझने के लिए गणितीय अंकों का आविष्कार किया यदि नहीं किया होता तो शायद हम दूरी की सापेक्षता सिद्धांत की कल्पना नहीं कर सकते। उन्होंने द्रौपदी स्वयंवर और लाक्षागृह की वैज्ञानिकता को बहुत ही सरलता से समझाया ।

इस ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान में देश के विभिन शहरों से 54 शिक्षा से जुड़े लोगों ने सहभाग लिया। साथ महाविद्यालय के हिंदी विभाग और समाजशास्त्र की लगभग 15 छात्राएँ कक्ष संख्या में उपस्थित रहकर व्याख्यान को सुना। व्याख्यान का संचालन और आभार हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री रामलखन पाल ने दिया।

## राष्ट्रीय व्याख्यान-माला: 03

# भारतीय ज्ञान परंपरा

बी.एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के संयोजन में भारतीय ज्ञान परंपरा के गौरवशाली अतीत का सिंहावलोकन कर उसकी महत्ता को प्रस्थापित करने हेतु आयोजित राष्ट्रीय व्याख्यान-माला (ऑनलाइन मोड) में आप सादर आमंत्रित हैं।

## राष्ट्रीय व्याख्यान-माला :06

## विषय: भारतीय ज्ञान परंपरा और विज्ञान

डॉ. जे. जे. रावल

Registration link



भारतीय ज्ञान परंपरा और मानवता विषय पर ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान संपन्न...

29 मार्च 2024 (मुंबई); 'भारतीय ज्ञान परंपरा व्याख्यानमाला श्रृंखला:03 के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के गौरवशाली अतीत का सिंहावलोकन करने व उसकी महत्ता को प्रस्थापित करने हेतु मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित, महर्षि कर्वे उत्कृष्ट महाविद्यालय पुरस्कार (2022 - 2024) से पुरस्कृत SNDT महिला विश्वविद्यालय से संलग्न, बी. एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा IQAC के संयोजन में 29 मार्च 2024 को सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा, पूर्व निदेशक,

निराला सृजनपीठ, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग म.प्र. शासन भोपाल का ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान 'भारतीय ज्ञान परंपरा और मानवता' विषय पर संपन्न हुआ।

श्रीराम परिहार जी ने अपने वक्तव्य की शुरुआत करते हुए यह कहा कि हम वसुधा को ही अपना परिवार माने। अर्थात इस धरा पर बसने वाला प्राणी मात्र मेरा परिवार है। यही मानवता का मूल उत्स भी है। मानवता माने सहानुभूति, सामाजिक-धार्मिक समरसता, नैतिकता से परिपूर्ण मनुष्य। हमारी ज्ञान परंपरा यानी भारतीय ज्ञान परंपरा का तो यह अंतिम लक्ष्य है।

उन्होंने यह बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा में मानवता को सर्वोपरि माना गया है। यह परंपरा हर व्यक्ति में दिव्यता का अंश देखती है और सभी को समानता और सम्मान का हक प्रदान करती है। सभी मनुष्य एक ही परमात्मा के अंश हैं और उन्हें समानता, सम्मान, और प्रेम का सहज अधिकार होता है।

यह व्याख्यान महाविद्यालय के मेजर श्री रामप्रसाद पोद्दार सभागृह में हुआ। इसमें लगभग 70 छात्राएँ-पूर्व छात्राएँ और 10 प्राध्यापक सहभागी रहे। साथ ही गूगल मीट के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 25 शिक्षा से जुड़े लोगों ने सहभाग लिया।व्याख्यान का संचालन और आभार हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री रामलखन पाल ने दिया।

Marwadi Sammelan's
NAAC Accredited B+ 3rd Cycle
OH, YES.

OF MANAGEMENT STUDIES

"नारी शिक्षा के लिए समर्पित संस्था"


Marwadi Sammelan's
B. M. RUIA GIRLS' COLLEGE
"नारी शिक्षा के लिए समर्पित संस्था"
Vision
Empowerment and Enlightenment

**'भारतीय ज्ञान परंपरा में महिला विदुषियों का योगदान' विषय पर ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान संपन्न...**

19 अप्रैल 2024 (मुंबई): 'भारतीय ज्ञान परंपरा व्याख्यानमाला' के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के गौरवशाली अतीत का सिंहावलोकन करने व उसकी महत्ता को प्रस्थापित करने हेतु मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित बी. एम. रुइया गर्ल्स कॉलेज (महर्षि कर्वे उत्कृष्ट महाविद्यालय पुरस्कार-2022-23) के हिंदी विभाग द्वारा IQAC के संयोजन में 19 अप्रैल 2024 को डॉ. आचार्य राधावल्लभ त्रिपाठी (निवर्तमान कुलपति, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा) का ऑनलाइन व्याख्यान 'भारतीय ज्ञान परंपरा और चरित्र निर्माण' विषय पर संपन्न हुआ।

आचार्य राधावल्लभ त्रिपाठी जी ने वैदिक युग की वीरांगना विषपला के विषय में बात करते हुए आपने बताया भारतीय ज्ञान परंपरा में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण का पहला संदर्भ मिलता है।

सर आपने ब्रम्हाज्ञानी अपाला और घोषा के योगदान का उल्लेख किया। आपने उपनिषदीय ब्रम्हज्ञानी विदुषी ऋषि गार्गी के तत्वमीमांसीय ज्ञान के योगदान का उल्लेख किया। उनके पराभौतिक ज्ञान का भी उल्लेख किया।

सर आपने मैत्रेयी विदुषी ऋषि के द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा में अमरत्व व परम तत्व सत्ता के महत्व को बताया।

उन्होंने यह भी बताया कि उपनिषद काल और महाभारत काल की सुलभा और सुवर्चला के योगदान की चर्चा करते हुए बताया कि तत्वमीमांसीय ज्ञान की भारतीय ज्ञान परंपरा में उल्लेखनीय योगदान रहा है। साथ ही शब्द और भाषा के पारस्परिक संबंध की चर्चा की। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा में 12 वीं शताब्दी की महान विदुषी लीलावती के द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा में गणित विषय में योगदान की चर्चा की तथा काव्यशास्त्र में अवंतिसुंदरी के योगदान की चर्चा करते हुए कविता में शब्द और अर्थ की महत्ता के साथ त्रिपाठी जी के व्याख्या का समापन हुआ।

इस ऑनलाइन राष्ट्रीय व्याख्यान में देश के विभिन शहरों से लगभग 60 शिक्षा से जुड़े लोगों ने सहभाग लिया। व्याख्यान का संचालन और आभार हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री रामलखन पाल ने दिया।

meet.google.com/wbs-oaqs-jpe?pli=1
Sunita Mishra
Dr. Iliyas Mem...
Jyoti Pal
Champa Masi...
Aanchal Mishra
Dr. Santosh Ka...
Dr Smriti Kum...
Swati
Vrushali Chau...
Rupali Prajapati
Dr. Manish D. ...
Uma Prabhu
Shruti Ranade
Mangala Chau...
Hemlata Masi...
Kajal Singh
Prachi V Singh
Poonam Praja...
Mangala Patil
Sabrin Shaikh
Rupam. Singh
व्याख्यान-माला
राष्ट्रीय व्याख्यान माला-08
विषय: भारतीय ज्ञान परंपरा में महिला विदुषियों का योगदान
डॉ. आचार्य राधावल्लभ त्रिपाठी
संस्कृत-हिंदी-अंग्रेजी के मनीषी
पूर्व कुलपति
राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली
18 अप्रैल, 2024
11.00 बजे दिन
नीचे दी गई लिंक से व्याख्यान में जुड़े
https://meet.google.com/wbs-oaqs-jpe
Registration link-